दिनांक-23जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध कब्जा कर किए गए निर्माण को निगम की जेसीबी ने तोड़ा

नगर पालिक निगम भिलाई की तोड़फोड़ दस्ता ने ग्राम कोहका भूखंड क्रमांक 16 स्थित भूमि पर अवैधानिक कब्जा कर मकान निर्माण किए गए स्थल से जेसीबी के द्वारा अवैध निर्माण को ढहा दिया गया! अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर योगेंद्र वर्मा के नेतृत्व में आज नगर पालिक निगम भिलाई की तोड़फोड़ दस्ता की टीम ने सेवन डेज स्कूल के समीप राजपाल सिंह के द्वारा खसरा नंबर 7685/2 पर 1500 वर्गफीट मे अवैधानिक रूप से कब्जा कर किए गए निर्माण को आज ढहा दिया! अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा 21 जनवरी 2020 को कब्जाधारी को किए गए कब्जे को हटाने के लिए पत्र प्रेषित किया गया था! पत्र देने के बाद भी राजपाल सिंह द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया जिस पर कार्यवाही करते हुए आज तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी प्रकाश अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, दयालदास साहू एवं पुलिस बल की उपस्थिति में राजपाल सिंह के द्वारा किए गए अवैधानिक कब्जा को हटाकर कब्जा मुक्त कर दिया गया इस दौरान कब्जाधारी राजपाल सिंह भी उपस्थित रहा! निगम भिलाई द्वारा पूर्व में भी अवैध निर्माण, अवैध कब्जा पर कार्यवाही की जाती रही है! रिक्त भूमि में किए गए मार्ग संरचना निर्माण आदि को ध्वस्त करने का कार्य भी निगम प्रशासन द्वारा किया गया है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!